# यूपी में कारखानों की संख्या में 15.91% की वृद्धि

**राब्यू, जागरण● लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में कारखानों की संख्या में 15.91 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही जीवीए (सकल मूल्य संवर्धन) में 25.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कारखानों में कार्मिकों की संख्या 14.86 लाख से बढ़कर 16.26 लाख तक पहुंच गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआइ) 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार कारखानों की संख्या, कार्यरत कर्मियों और सकल मूल्य संवर्धन तीनों ही मोर्चों पर उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों से आगे रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश का जीवीए वर्ष 2022-23 में 1.34 लाख करोड़ था, जो वर्ष 2023-24 में 1.67 लाख करोड़ हो गया है।

खबर विस्तार से पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।